52

# बिहार सरकार
## ग्रामीण कार्य विभाग

### सकारण आदेश

सकारण आदेश संख्या–14 / अ0प्र0–14–278 / 2025 10426 / पटना, दिनांक– 26.9.25

दिनांक 01.09.2025 को अधोहस्ताक्षरी के अध्यक्षता में सम्पन्न तकनीकी बीड समिति की बैठक की कार्यवाही के अनुसार मुख्यमंत्री ग्रामीण सड़क उन्नयन योजना के अवयव के रूप में ग्रामीण सड़क सुदृढीकरण एवं प्रबंधन कार्यक्रम के तहत कार्य प्रमंडल, दरभंगा–01 के अधीन Package No. RRSMP/25-26-Darbhanga-1/04 (Tender ID- 142953) के अन्तर्गत पथ की उन्नयन एवं Operation and Management हेतु दिनांक 29.07.2025 को प्राप्त निविदा में भाग लेने वाले निविदाकारो के तकनीकी बीड संबंधी कागजात की समीक्षा की गयी।

उक्त निविदा में M/S S.K. Construction (Reg. No. 1240263) Add:- Sushil Kumar Choudhary, At-Benta Road,Laheriyasarai, Darbhanga Pincode: 846001 (BID ID-625372) द्वारा वर्ष 2023–24 के Audit Report में Gross receipts from contract business Rs. 12,52,55,816.00 लाख अंकित है, परन्तु Online UDIN से verify करने के उपरान्त Total Turnover Rs. 84279664 लाख एवं Pan No. BJTPS0074H अंकित है जो कि निविदा में संलग्न निविदाकार के Pan No. ABRFS2874A से भिन्न है। साथ ही इनके द्वारा Audit Report में अंकित ATO एवं Civil Work की राशि गलत / भ्रामक है। तद्‌लोक में CMBD (MMGSUY) के ITB की कंडिका 4.7 (i), 4.4 A (a) & 37 (a) के आलोक में तकनीकी बीड में अयोग्य घोषित करते हुए विभागीय पत्रांक 3176 दिनांक 01.09.2025 द्वारा बिहार ठिकेदारी निबंधन नियमावली (ग्रामीण कार्य विभाग) 2007 के तहत कार्रवाई किये जाने की अनुशंसा की गयी।

उक्त अनुशंसा के आलोक में विभागीय पत्रांक 9816 अनु0 दिनांक 11.09.2025 द्वारा उक्त कृत्य हेतु संवेदक M/S S.K. Construction से स्पष्टीकरण की माँग की गयी। जिसके आलोक में संवेदक अपना स्पष्टीकरण विभाग में दिनांक 16.09.2025 को समर्पित करते हुए प्रतिवेदित किया गया है कि कम्प्यूटर कर्मी द्वारा भूलवश किसी अन्य संवेदक का अनुभव प्रमाण–पत्र अपलोड हो गया है। जिसे विभागीय समीक्षोपरान्त अस्वीकृत करते हुए उक्त संवेदक को काली सूची में डालने का निर्णय लिया गया है।

अतएव वर्णित तथ्यों के आलोक में बिहार सरकार ग्रामीण कार्य विभाग की अधिसूचना संख्या–8123 दिनांक 19.12.2007 के कंडिका–11 (क) उप कंडिका– (ix) एवं (ख) (ii) में निहित प्रावधानों के आलोक में निविदाकार / संवेदक M/S S.K. Construction (Reg. No. 1240263) Add:- Sushil Kumar Choudhary, At-Benta Road,Laheriyasarai, Darbhanga Pincode: 846001 के निबंधन संख्याः–1240263 को अगले 02 (दो) वर्षो के लिए कालीकृत (**Blacklist**) किया जाता है।

26.09.25

(जय किशोर ठाकुर)
अभियंता प्रमुख

निबंधित

ज्ञापांक–14 / अ0प्र0–14–278 / 2025 10426 / पटना, दिनांक– 26.9.25

प्रतिलिपि– M/S S.K. Construction Add:- Sushil Kumar Choudhary, At-Benta Road,Laheriyasarai, Darbhanga Pincode: 846001 को सूचनार्थ प्रेषित।

26.09.25

अभियंता प्रमुख

क0प0उ0

ज्ञापांक–14 / अ0प्र0–14–278 / 2025 10428 / पटना, दिनांक– 26.9.25

प्रतिलिपि–प्रधान सचिव / सचिव / अभियंता प्रमुख, पथ निर्माण विभाग / भवन निर्माण विभाग / जल संसाधान विभाग / लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग / नगर विकास विभाग / उर्जा विभाग / कृषि विभाग, बिहार, पटना / पंचायती राज विभाग, बिहार, पटना / सभी मुख्य अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग / सभी अधीक्षण अभियता / सभी कार्यपालक अभियंता / सभी नोडल पदाधिकारी (मु0), ग्रामीण कार्य विभाग को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

26.09.25

अभियंता प्रमुख

ज्ञापांक–14 / अ0प्र0–14–278 / 2025 10428 / पटना, दिनांक– 26.9.25

प्रतिलिपि– अपर मुख्य सचिव के आप्त सचिव, ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ प्रेषित।

26.09.25

अभियंता प्रमुख

ज्ञापांक–14 / अ0प्र0–14–278 / 2025 10428 / पटना, दिनांक– 26.9.25

प्रतिलिपि– प्रशाखा पदाधिकारी, प्रशाखा–14 एवं प्रशाखा में कार्यरत सभी सहायक / आई0टी0 मैनेजर, ग्रामीण कार्य विभाग, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

26.09.25

अभियंता प्रमुख